**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 295**

**दिनांक 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**भारत के झींगों के आयात पर प्रतिबंध**

295. **डॉ. सी एम रमेश:**
**श्री तनुज पुनिया:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या ऑस्ट्रेलिया सरकार ने भारत से झींगे के आयात पर निर्बंधनों में ढील देने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि न्यूज़ीलैंड के आयातक भी अपनी सरकारों पर भारत से झींगे के आयात के लिए दबाव डाल रहे हैं;

(घ) यदि हाँ, तो क्या सरकार भारत से न्यूज़ीलैंड को झींगे के निर्यात का राजनयिक और राजनीतिक माध्यमों से सुकर बना रही है और इसके लिए कदम उठा रही है; और

(ड.) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) से (ख) भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच झींगे और श्रिम्प्स के निर्यात में सुचारू व्यापार को सुगम बनाने के लिए, भारत सरकार ने वर्ष 2022-23 के दौरान पके गए बैटरड/ब्रेडेड और बिना पके झींगों के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकृत स्वास्थ्य प्रमाणपत्र पर बातचीत की। इस प्रमाणपत्र को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों द्वारा औपरचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है।

(ग) से (ड.): समुद्री खाद्य निर्यात, मूल्य संवर्धन, गुणवत्ता आश्वासन आदि को बढ़ावा देने के लिए, भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग ने ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड सहित कई देशों के दूतावासों/उच्चायोगों के साथ कई बैठकें भी की हैं।

इसके अलावा, मत्स्य पालन विभाग ने  दिनांक 21 नवंबर 2025 को सुषमा स्वराज भवन, नई दिल्ली में "भारत का समुद्री परिवर्तन: समुद्री खाद्य निर्यात में मूल्य संवर्धन को सुदृढ़ करना" विषय के साथ विश्व मत्स्य दिवस (डब्ल्यूएफडी) 2025 मनाया।  इस कार्यक्रम में ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड सहित 15 देशों ने भाग लिया।

*****